>

Title : Need to include Gandhinagar and Karamsad cities of Gujarat under Jawahar Lal Nehru National Urban Renewal Mission Scheme.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): गुजरात सरकार ने पत्राचार करके केन्द्र सरकार से गांधीनगर और करमसद को जे.एन.एन.यू.आर.एम. योजना में समाविष्ट करने की मांग की है।

योजना की मार्गदर्शिका के अनुसार गांधीनगर जिसको महानगर पालिका का दर्जा प्राप्त हुआ है तथा सरदार वललभभाई पटेल की जन्मभूमि करमसद (आणंद) जे.एन.एन.यू.आर.एम. मिशन के यू.आई.जी. केटेगरी - "सी" की सूची में आते हैं।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि गांधीनगर गुजरात की राजधानी एवं करमसद को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन की सूची में समाविष्ट करें तथा उचित आर्थिक सहायता प्रदान करें।